प्लस टू स्कूल में तब्दील होंगे झारखंड के इंटर कॉलेज

चर्चा में क्यों?

6 दिसंबर, 2022 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के डिग्री कॉलेजों से इंटर की पढ़ाई हटाकर वहाँ के इंटर कॉलेजों को प्लस टू स्कूलों में तब्दील किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- राज्य के इंटर कॉलेजों को प्लस टू स्कूलों में बदलने के साथ-साथ इन कॉलेजों के नामों में भी बदलाव किया जाएगा।
- राज्य के पलामू का शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय जपला अगले साल से शहीद सिंह प्लस टू स्कूल जपला के नाम से जाना जाएगा, जबकि राँची का लापुंग इंटर कॉलेज अब लापुंग प्लस टू स्कूल कहलाएगा।
- इन स्कूलों में 11वीं-12वीं की पढ़ाई तो होगी ही, 9वीं-10वीं की पढ़ाई की भी शुरुआत होगी। स्कूल शिक्षा व साक्षरता विभाग इसकी तैयारी में जुट गया है।
- राज्य के इंटर महाविद्यालयों का नाम प्लस टू स्कूल में बदलने के लिये उन्हें महाविद्यालय के शासी निकाय से इसका प्रस्ताव पास कराना होगा। शिक्षा विभाग इसके लिये झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के माध्यम से महाविद्यालयों को प्रस्ताव भेजेगा।
- महाविद्यालयों को प्लस टू स्कूल के रूप में बदलने के बाद ही उन्हें उस नाम से अनुदान मिल सकेगा।
- विदित है कि वर्तमान में झारखंड में 635 प्लस टू स्कूल, 203 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, 57 झारखंड बालिका विद्यालय, 89 मॉडल स्कूल समेत समर्थ विद्यालय भी हैं। इन स्कूलों में प्लस टू की पढ़ाई होती है।
- राज्य के प्लस टू स्कूल, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मॉडल स्कूल, समर्थ विद्यालय समेत वैसे सभी स्कूल, जहाँ 11वीं-12वीं की पढ़ाई होती है, उसकी मैपिंग की जा रही है। इन स्कूलों में देखा जा रहा है कि अधिकतम कितने छात्र-छात्राएँ यहाँ पढ़ाई कर सकते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inter-college-of-jharkhand-will-be-converted-into-plus-two-school